पहली उड़ान

टॉम टेट और

राइट ब्रदर्स की कहानी



पहली उड़ान

टॉम टेट और

राइट ब्रदर्स की कहानी



अध्याय एक
1900

किटी हॉक, उत्तरी कैरोलिना, अमरीका

एक सुबह टॉम टेट मछली पकड़ने गया. पहली मछली जो उसने पकड़ी वह बहुत छोटी थी, इसलिए उसने वो फेंक दी. फिर उसने एक बड़ी मछली पकड़ी.

"मैं और पापा इस मछली को दो दिनों तक खा सकते हैं," उसने खुद से कहा.

समुद्र तट के नीचे टॉम ने एक बड़े तम्बू के पास दो लोगों को देखा. टॉम यह जानना चाहता था कि वे लोग वहां क्या कर रहे थे.

"हेलो," उनमें से एक आदमी ने कहा. "तुमने एक बहुत बड़ी मछली पकड़ी है."

"मैंने जो पहली मछली पकड़ी थी वो आप लोगों को देखनी चाहिए थी!" टॉम ने कहा. "वो व्हेल जितनी बड़ी थी. वो इतनी बड़ी थी कि मैं उसे समुद्र तट पर खींच तक नहीं सका."

दोनों आदमी हँसे. उन्होंने ढीले-ढाले अजीबोगरीब कपड़े पहने थे. टॉम देख सकता था कि वे किटी हॉक के नहीं थे.

"मेरा नाम ओरविल है – ओरविल राइट," उनमें से एक ने कहा. "तुम मुझे औंर्व बुला सकते हो.
यह मेरा भाई है, विल्बर."
"तुम मुझे विल बुला सकते हो," दूसरे आदमी ने कहा.
"मैं टॉम टेट हूँ," टॉम ने कहा. "आप यहाँ किटी हॉक में क्या कर रहे हैं?"
"हम यहां पर ओहियो से आए हैं एक फ्लाइंग (उड़ने वाली) मशीन बनाने के लिए," विल ने कहा.
"वह क्या होती है?" टॉम से पूछा.
"तुम खुद उसे देख सकते हो," विल ने कहा.
"यह मशीन एक दिन हवा में उड़ेगी."
"वो कैसे उड़ती है?" टॉम ने पूछा.
"जैसे हवा पतंग को उड़ाती है, वैसे ही वो इस मशीन को भी उड़ाएगी," औंर्व ने कहा.
"हम किटी हॉक इसीलिए आए हैं, क्योंकि यहाँ पर पूरे अमेरिका में सबसे तेज़ हवा चलती है.”

"यहाँ की ज़मीन पर नरम रेत भी है जो मशीन के उतरने के लिए सुरक्षित होगी," विल ने जोड़ा.
"क्या मैं उस पर सवारी कर सकता हूं?" टॉम से पूछा.
"मशीन अभी पूरी नहीं हुई है," विल ने कहा, "लेकिन तुम बाद में लौटकर आना और फिर हम देखेंगे."
"ठीक है," टॉम ने कहा. "मैं वापिस आऊंगा."

टॉम वहां से अपने चचेरे भाई नेड और लॉरा के घर गया. अब उसे ऐसा लग रहा था जैसे वो खुद हवा में उड़ रहा हो.

टॉम ने कहा, "मैं अभी ओहायो के दो लोगों से मिला. वे कहते हैं कि वे पक्षियों की तरह हवा में उड़ने जा रहे हैं!"

"अरे टॉम." लौरा ने कहा, "हमें बकवास की बातें मत बताओ."

"यह सच है," टॉम ने कहा. "उन्होंने मुझे वो उड़ने वाली मशीन भी दिखाई जो उन्होंने बनाई है."

"फ्लाइंग मशीन जैसी कोई चीज नहीं होती," नेड ने कहा, "तुम बस हमें उल्लू बना रहे हो."

"बस तुम लोग कुछ इंतज़ार करो," टॉम ने कहा. "तुम उसे ज़रूर देखोगे."

नेड और लौरा, टॉम की बात पर हँसे, लेकिन टॉम को पता था कि वो सच कह रहा है.



अध्याय दो
अगले दिन

टॉम, विल और औंर्व को देखने के लिए जा रहा था जब उसे आकाश में कुछ बड़ा दिखाई दिया. यह वो उड़ने वाली मशीन थी! वो दौड़ कर समुद्र तट पर गया.

विल और औंर्व एक पतंग की तरह मशीन को उड़ा रहे थे. टॉम के पापा और चाचा बिल, उनकी मदद कर रहे थे.

जब मशीन नीचे आई तब टॉम ने पूछा. "क्या आप इसमें उड़ सकते हैं?"

"हाँ उड़ सकते हैं," विल ने कहा, "लेकिन सिर्फ एक बार. पर आज मुझे उठाने के लिए हवा उतनी तेज़ नहीं है."

"मैं भारी नहीं हूं." टॉम ने कहा. "क्या मैं इसमें सवारी कर सकता हूं?"

विल ने टॉम के पापा से पूछा, "आप क्या कहते हैं, मिस्टर टेट?"

"हम उसे बहुत ऊपर जाने नहीं देंगे," औंर्व ने कहा.

"ठीक है," पापा ने कहा. "लेकिन सावधानी बरतना!"

टॉम निचले पंख पर फैल गया. फिर विल और टॉम के पापा मशीन को उठाकर सीधे हवा में दौड़े. जब हवा ने मशीन को ऊपर उठाया, तो उन्होंने मशीन को छोड़ दिया.

मशीन ऊपर, और ऊपर गई! टॉम, किटी हॉक के ऊपर उड़ रहा था. वो और ऊंचा उठा. पर अचानक मशीन ऊपर-नीचे हिलने लगी.

"रुको, टॉम!" विल चिल्लाया. फिर विल और चाचा ने रस्सी को जोर से खींचा. अब मशीन नीचे आने लगी.

टॉम ने अपनी आँखें बंद कर लीं और मशीन नरम रेत में जाकर धंस गई.

"तुम ठीक-ठाक तो हो?" पापा ने पूछा.

जब टॉम खड़ा हुआ तो वो हिल रहा था. "मैं ठीक हूँ," उसने कहा. "मुझे फिर से उड़ना है. अगली बार मैं और भी ऊपर जाऊँगा!"

"नहीं," पापा ने कहा. आज के लिए बस इतना ही बहुत है."

घर वापिस जाते समय टॉम, नेड और लॉरा से मिला.
"मैंने उड़ने वाली मशीन में उड़ान भरी!" उसने कहा.
"मैं आकाश में ऊपर उड़ा!"
"देखो, हमें उल्लू बनाना बंद करो," लौरा ने कहा.
"मेरे पापा कहते हैं कि फ्लाइंग मशीनें सिर्फ एक मूर्खतापूर्ण कल्पना हैं," नेड ने कहा. "उनका कहना है कि यदि लोग उड़ान भरने के लिए पैदा हुए होते, तो उनके हाथों की जगह पंख होते."
"तुम दोनों कल समुद्र तट पर आना," टॉम ने कहा.
"शायद विल और और्व तुम्हें भी मशीन में सवारी दें."

अगले दिन दोपहर को, लौरा और नेड समुद्र तट पर आए, लेकिन वहां हवा नहीं बह रही थी. मशीन एक बड़े कीड़े की तरह रेत में बैठी थी.
"तुम कब उड़ने जा रहे हो, टॉम?" लौरा ने पूछा, और फिर वो हंसी.
"मुझे देखो," नेड ने कहा. "मैं उड़ रहा हूँ!" फिर वो और लौरा हँसते हुए भागने लगे और अपनी बाँहों को फड़फड़ाने लगे.
"बस इंतज़ार करो," टॉम ने कहा. "तुम देखोगे."

कुछ दिनों के बाद, विल ने फिर से उड़ान भरी. वह पंद्रह सेकेंड हवा में रहा और उसने चार सौ फीट लम्बाई की ग्लाइड भरीं.

फिर वो और औरव, अपने घर ओहायो जाने के लिए बोरिया-बिस्तर बाँधने लगे.

"क्या आप हमेशा के लिए जा रहे हैं?" टॉम ने पूछा.

"नहीं," विल ने कहा. "यह एक अच्छी मशीन है, वो ऊपर-नीचे और बाएं-दाएं जा सकती है. लेकिन हम इससे भी एक बेहतर मशीन बनाने के लिए घर जा रहे हैं. वो मशीन हवा में अधिक समय तक टिक सकेगी."

"हम अगली गर्मियों में उसे आज़माने के लिए फिर वापस आएंगे," औरव ने कहा.

"मैं आपकी मदद के लिए यहां पर रहूंगा," टॉम ने कहा.

अध्याय तीन
1901

विल और औंर्व अगली गर्मियों में एक नई मशीन के साथ वापिस लौटे. वो पहले वाली मशीन के आकार से दुगनी बड़ी थी.

"यह अब तक का सबसे बड़ा ग्लाइडर है," विल ने कहा.

"इसके पंख पिछली मशीन की तुलना में अधिक लंबे और अधिक घुमावदार हैं," औंर्व ने कहा. "ये पंख हमें लंबे समय तक हवा में बने रहने में मदद करेंगे."

विल पहले उड़ा. उसने कुछ समय के लिए ग्लाइड भी किया.

लेकिन अचानक मशीन घूमने लगी और बहुत तेजी की ओर गिरने लगी.



"रुको!" और्व चिल्लाया. पर मशीन जमीन पर जोर से आकर टकराई.

"क्या तुम ठीक-ठाक हो?" टॉम ने पूछा. विल की एक आंख पर काला दाग था और उसकी नाक पर खून था. लेकिन वो बुरी तरह से घायल नहीं हुआ था.

विल और और्व को मशीन ठीक करनी थी, इसलिए उन्होंने टॉम के पापा को मदद करने के लिए काम पर रखा. कुछ दिनों में वो फिर से उड़ने को तैयार थे.

लेकिन अभी भी सब कुछ ठीक नहीं था. मशीन कई बार अचानक रुक जाती थी और फिर जमीन की ओर घूमती हुई गिरने लगती थी

"उसमें क्या गड़बड़ है?" टॉम ने पूछा.

"हम नहीं पता," और्व ने कहा.

"वे नहीं जानते कि क्या गलत है," पापा ने टॉम से कहा. "लेकिन मैं तुम्हें उसमें सवारी करने की इज़ाज़त नहीं दूंगा. वो सुरक्षित नहीं है."



विल और औरव मशीन में अलग-अलग बदल करनी की कोशिश करते रहे. लेकिन उन्हें गलती समझ में नहीं आई. अंत में, उन्होंने ओहियो लौटने का फैसला किया.

"आप हार तो नहीं मान रहे हैं?" टॉम से पूछा.

"मुझे नहीं लगता कि लोग एक हजार साल तक उड़ पाएंगे," विल ने कहा.

टॉम ने विल और औरव को समुद्र तट से दूर जाते हुए देखा. उसने सोचा कि अब वो उन्हें फिर कभी नहीं देखेगा.

चौथा अध्याय
1902

धीरे-धीरे सर्दियाँ बीत गईं. एक दिन टॉम को औार्व का एक पत्र मिला.

"हमने अलग किस्म के पंखों के साथ एक नई मशीन बनाई है," पत्र में लिखा था. "उसके पंख ज़्यादा लंबे और अधिक संकीर्ण हैं. हमने संतुलन के लिए और उसे बेहतर तरीके से मोड़ने के लिए उसमें एक पूंछ भी जोड़ी है. हम किटी हॉक में वापस आकर उसे उड़ाने की कोशिश करेंगे."

सितंबर में विल और औार्व लौटकर आए. एक बार फिर उन्होंने टॉम की पापा को मदद करने के लिए काम पर रखा.

नई मशीन ने पिछले एक की तुलना में बहुत बेहतर काम किया. विल और औार्व ने उसमें एक हजार से अधिक उड़ाने भरीं.

"यह वो मशीन है जो हम चाहते थे," विल ने कहा. "हम इसे नियंत्रित कर सकते हैं. वो हमारी मर्ज़ी के अनुसार ऊपर-नीचे जाती है."

टॉम ने कहा, "और हम जैसे चाहें उसे वैसे मोड़ भी सकते हैं."

"पर एक चीज वो मशीन अभी भी नहीं करेगी," विल ने कहा. "वो तेज़ हवा के बिना उड़ान नहीं भर पाएगी."

"हम इस पर एक इंजन लगाने जा रहे हैं," औंर्व ने कहा. "फिर वो अपने आप उड़ पायेगी. तब हम ऐसा कुछ करेंगे जो पहले कभी किसी ने नहीं किया होगा. हम वास्तव में उड़ पाएंगे!"

उस सर्दी के मौसम में, ओहियो में, विल और ऑर्व ने मशीन को आगे बढ़ाने के लिए उसमें एक इंजन और प्रोपेलर लगाया.

क्या वो काम करेगा? उसका परीक्षण करने के लिए उन्हें किटी हॉक वापस जाना होगा.

अध्याय पाँच
1903

विल और औंर्व नई मशीन को किटी हॉक लाए. पर प्रोपेलर ठीक से काम नहीं करा. नया प्रोपेलर बनाने के लिए औंर्व को ओहायो वापस जाना पड़ा. जब वह वापस लौटा, तो तेज़ हवाओं के साथ तूफान में उड़ना बहुत खतरनाक था.

एक दिन भयानक तूफान के बाद, टॉम के पापा ने कहा. "इस मौसम में उड़ान भरना असंभव है. अगर वे दोनों जल्द ही अपना काम बंद नहीं करेंगे तो किसी को ज़रूर चोट लगेगी. मैं नहीं चाहता कि तुम्हें कोई चोट लगे, टॉम. इसलिए तुम यहाँ से दूर ही रहो."

"लेकिन पापा," टॉम ने कहा," विल और औंर्व मेरे दोस्त हैं."

"पर यह बहुत काफ़ी ख़तरनाक काम है," पापा ने कहा.

टॉम को, विल और औंर्व की याद आती थी और वो उनकी मशीन के बारे में भी सोचता था. मौसम दिन-ब-दिन खराब हो रहा था. अगर उन्होंने उड़ान भरने की कोशिश की तो क्या होगा?





17 दिसंबर की सुबह बहुत ठंडी थी. तेज़ हवा से टॉम के घर की खिड़कियां हिल रही थीं.

"इस तेज़ हवा में उड़ने की कोशिश करना एकदम पागलपन होगा," टॉम के पापा ने कहा. "मैं तो बिस्तर में वापस सोने जा रहा हूं."

जब उसके पापा सो गए, तो टॉम घर छोड़कर समुद्र तट की ओर चला.

टॉर्न ने विल और और्व के शिविर के पास जीवन-रक्षक स्टेशन के कुछ बचाव कर्मियों को खड़े देखा. बचाव कर्मचारी, तूफान में नाविकों को बचाने का काम करते थे. क्या विल और ओर्व के साथ कोई दुर्घटना हुई?

फिर टॉम ने दोनों भाइयों को देखा.
हम आज उड़ान भरने की कोशिश करेंगे," औरव ने कहा. "ये लोग हमारी मदद करने आए हैं." टॉम ने लोगों की मशीन को लकड़ी के लंबे ट्रैक पर रखने में मदद की. पूरी तैयारी थी लेकिन हवा अभी भी थमी हुई थी.

"यही मौका है, औरव," विल ने कहा.
दोनों भाई एक-दूसरे को बहुत देर तक देखते रहे. ऐसा लगता था जैसे वे फिर कभी एक-दूसरे को नहीं देखेंगे. तब औरव मशीन में चढ़ गया.
"गुडलक, औरव!" टॉम चिल्लाया.



अध्याय छह
उसी दिन

जैसा ही औरव ने इंजन शुरू किया,
सभी की साँसें रुक गईं.

हवा ख़राब हो रही थी पर औरव को
उसी में उड़ान भरनी थी.

मशीन पटरी से नीचे उतरने लगी. पहले वो हवा के खिलाफ धीरे-धीरे, बहुत धीरे-धीरे चली.

अचानक टॉम को पापा की आवाज सुनाई दी.

"टॉम! तुम यहाँ क्या कर रहे हो?"

"पापा, देखो!" टॉम चिल्लाया.



तभी मशीन हवा में उठने लगी. वो किसी पागल
पक्षी की तरह हवा में ऊपर-नीचे कूद रही थी.
लेकिन मशीन उड़ रही थी!

सभी ने इस ऐतिहासिक क्षण की जय-जयकार की.
टॉम के पापा ने भी.
"अरे, यह तो गज़ब हो गया?" पापा ने कहा. "मुझे बिल्कुल नहीं लगता था कि वे कभी सफल होंगे."
मशीन ने केवल बारह सेकंड के लिए ही उड़ान भरी और वो केवल एक-सौ बीस फीट ही आगे गई, लेकिन उतना ही पर्याप्त था.

इतिहास में पहली बार, इंसान द्वारा नियंत्रित किसी मशीन ने अपनी ही शक्ति के बलबूते उड़ान भरी थी!
विल और औरव ने उस सुबह तीन और उड़ानें भरीं.
आखिरी उड़ान के बाद सभी लोग किटी हॉक चले गए.



लोगों ने विल और औंर्व से हाथ मिलाए.
लोग चिल्लाए, "उन्होंने कमाल कर दिया!"
लौरा और नेड भी वहाँ थे. "क्या यह सच है, टॉम?" उन्होंने पूछा.
"बेशक यह सच है," टॉम ने कहा. "मैंने तुमसे कहा था की विल और औंर्व एक दिन ज़रूर उड़ान भरेंगे."
"हमने उड़ान भरी और टॉम ने उसमें हमारी मदद की," विल ने कहा.
"फिर कब उड़ोगे?" लौरा ने पूछा.
"अभी विल और मैं क्रिसमस के लिए घर वापिस जा रहे हैं," औंर्व ने कहा. "लेकिन हम वापस आएंगे."
"जब वे वापस आएंगे फिर वे मुझे मशीन को उड़ाने देंगे," टॉम ने कहा. "फिर मैं उस पर चाँद तक की उड़ान भरूंगा!"
"क्या तुम गप्प मारना कभी बंद नहीं करोगे, टॉम?" लौरा ने पूछा.
"कोई कभी भी चंद्रमा तक उड़ान नहीं भरेगा," नेड ने कहा, और फिर वो हंसा.
"बस रुको," टॉम ने कहा. "तुम देखना!"

समाप्त